Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1782 / W-19 / 438 दिनांक 24.07.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र ई—दैनिक भास्कर में दिनांक 23.07.2026 को प्रकाशित खबर ''बहरिया के बादलपुर मे जल जीवन मिशन गड्ढाः सम्पर्क मार्ग पर खुला छोड़ा, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई—दैनिक भास्कर दिनांक 23.07.2026 को प्रकाशित खबर '' **बहरिया के बादलपुर मे जल जीवन मिशन गड्ढाः सम्पर्क मार्ग पर खुला छोड़ा, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी**''शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत **विकास खण्ड बहरिया के बादलपुर ग्राम पंचायत** में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय(150के0एल0/14मी0) 01 नग, वितरण प्रणाली—13068 मी0, घरेलू कनेक्शन 368 नग, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, वितरण प्रणाली का कार्य 13068 मी0 एवं हाउस कनेशन का कार्य 305 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति की जा रही हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है तथा उक्त योजना में लिकेज मरम्मत हेतु गड्ढा खोदा गया था जिसे वर्तमान में लिकेज मरम्मत कराकर सड़क को मोटेरेबल करा दिया गया है।







**उपरोक्त के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि** अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक संख्या—125/W-17/(L&T)/2026-27/Tech-06 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा जनपद प्रयागराज क्लस्टर हेतु गठित सूचीबद्धता अनुबन्ध संख्या— 93/ED/2021-21 दिनांक 16.03.2021 के अन्तर्गत जनपद—प्रयागराज में ट्रॅायल—रन में सम्मिलित 178 योजनाएं जिनमें 320 ग्राम सम्मिलित है तथा O&M में ली गई 88 योजनाएं जिनमें 148 ग्राम सम्मिलित है, के कार्यों को छोड़कर शेष आवंटित कार्यो को डिस्कोप (Descope) कर दिया गया है एवं सक्षम स्तर से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त—

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3— मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4— अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5— जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**